Tuesday December 21 2021 3:04:51 AM GOVT OF INDIA RNI NO. 8858/81

Contact | E-Paper | Magazine | Photo G

भारत दर्शन

www.bharatdarshannews.com





# FARIDABAD

## आजादी का अमृत महोत्सव- ऊर्जा कुशल भारत का किया आयोजन

(Kiran Kathuria) www.'‘aratdarshannews.com Monday,20 December , 2021)

Ballabgarh News, 20 December 2021 (bharatdarshannews.com) : अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ के ऊर्जा संरक्षण क्लब ने प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता अग्रवाल कॉलेज के कुशल मार्गदर्शन में 14-12-2021 से 20-12-2021 तक एक सप्ताह तक चलने वाले अभियान "आजादी का अमृत महोत्सव- ऊर्जा कुशल भारत" का आयोजन किया। पहले दिन 14-12-2021 रैली का आयोजन किया गया और स्वयंसेवकों के साथ-साथ शिक्षकों ने अपने स्तर पर संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लिया। दूसरे दिन 15-12-2021 स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय "ऊर्जा संरक्षण" था। दोनों स्पर्धाओं में 80 से अधिक प्रतिभागी मौजूद थे। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में डॉ० के०एल० कौशिक, डॉ० संजीव गुप्ता और डॉ० गीता गुप्ता थे । स्लोगन राइटिंग में बी०एस०सी० रसायन (ऑनर्स) से दिव्यांशी ने पहला स्थान हासिल किया। बी०एस०सी० रसायन (ऑनर्स) से हिमांशी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान पंकज कुमार चौरसिया बी०एस०सी० रसायन (ऑनर्स) ने हासिल किया और सांत्वना पुरस्कार बी०एस०सी० से छवि और ज्योति ने प्राप्त किया । पोस्टर मेकिंग में रिमझिम (बी०ए०) ने प्रथम , स्नेहा बी०एस०सी० एन०एम० प्रथम वर्ष और सुजाता बी०ए० प्रथम वर्ष ने द्वितीय और ज्योति बी०ए० बी०एस०सी० (ऑनर्स) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और बी०ए० से काजल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। तीसरे दिन 16-12-2021 को आर्य विद्या मंदिर, बल्लभगढ़ के विद्यार्थियों के लिए डॉ० नेहा बत्रा द्वारा "ऊर्जा संरक्षण" पर व्याख्यान दिया गया। वार्ता में 'तीन R' के महत्व पर चर्चा की गई। चौथे दिन 17-12-2021 ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर की पावर प्वाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन का विषय "ऊर्जा कुशल भारत" था। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में 33 एंट्री में से मोनिका ने एम०एस०सी० रसायन से पहला स्थान हासिल किया। । वंदना बी०एस०सी० रसायन से दूसरा स्थान हासिल किया । तीसरा स्थान सोनिया एम०एस०सी० रसायन फाइनल ईयर, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ और सीमा एम०एस०सी० फाइनल ईयर, आर०जी०जी०सी०डब्ल्यू०, भिवानी को मिला । पांचवें दिन 18-12-2021 को ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी का विषय "पर्यावरणीय मुद्दा " था। ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डोली डी०ए०वी० सैंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद ने पहला, सिमरन सैनी, दयानंद महिला महाविद्यालय, फरीदाबाद ने दूसरा और रोनित, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ ने तीसरा स्थान हासिल किया । छठे दिन यानी 20-12-2021 जो समापन दिन था, छात्रों द्वारा नारे, पोस्टर और बुकमार्क की एक प्रदर्शनी प्रदर्शित की गई थी। सप्ताह भर चलने वाले उत्सव के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रमों के परिणाम घोषित किए गए और विजेताओं को प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत द्वारा पुरस्कार दिए गए। ऊर्जा संरक्षण क्लब के स्वयंसेवकों ने ऊर्जा दक्षता और संरक्षण विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद ऊर्जा संरक्षण के मंत्र को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया। समापन समारोह में श्रीमती कमल टंडन और

LATEST VIDEO

Former cabinet mi

